







# जलप्रपात में गिरे युवक का तीसरे दिन मिला शव

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 जून, अतरैला थाना अन्तर्गत इटमा जल प्रपात में तीन दिन पूर्व दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने आया एक युवक गहरे जलप्रपात में समा गया था.**

घटना के बाद से पुलिस और एसडीआरएफ टीम लगातार उसकी तलाश कर रही थी. इस बीच मंगलवार की सुबह युवक का शव जल प्रपात मिला. बता दें यूपी के बरगढ़ से कई युवक पिकनिक मनाने के लिए रीवा जिले के अतरेला थाना क्षेत्र के इटमा जलप्रपात में आए थे. रविवार दोपहर सोनू खान 21 वर्ष निवासी बरगढ़ जिला चित्रकूट यूपी सेल्फी खींचने के लिए वाटर फॉल के किनारे चला गया था. सेल्फी के दौरान युवक का का पैर फिसल मया और वह गहरे पानी में समा गया. घटना देखकर उसके दोस्तों के होश उड़ गए. घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से जलप्रपात में तलाश शुरू की लेकिन युवक का पता नहीं चला. थाना प्रभारी विजय सिंह परिहार ने बताया कि सोमवार सुबह उपनिरीक्षक विकास पाण्डेय के नेतृत्व में एसडीआरएफ टीम मौके पर पहुंची जिसने जलप्रपात में युवक को ढूंढने के प्रयास शुरू किए लेकिन युवक का पता नहीं चल पाया है. मंगलवार की सुबह से एक बार फिर पुलिस और एसडीआरएफ टीम द्वारा युवक को तलाशने के प्रयास शुरू किए गए और करीब तीन घंटे के रेस्क्यू के बाद युवक का शव तलाश लिया गया है. जल प्रपातों में सुरक्षा के इंतजार नही किये गये है हर साल हादसे होते है.

## जन चौपाल में आईजी ने जनता से किया सीधा संवाद

**रीवा, 30 जून,** रीवा रेंज के आईजी गौरव राजपूत ने पुलिस और जनता के बीच सीधे संवाद के लिए 'जन चौपाल' कार्यक्रम की शुरुआत की है. इस नवाचार का मकसद बेहतर पुलिसिंग के साथ-साथ आम लोगों की समस्याएं सुनना और उनके सुझावों पर काम करना है. इसी कड़ी में आज 'जन चौपाल 3.0' का आयोजन विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के सोनौरा गांव में किया गया. पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत स्वयं चौपाल में पहुंचे और ग्रामीणों से सीधे रूबरू हुए. आईजी ने निजी तौर पर जनता से मुलाकात कर पुलिस विभाग से जुड़ी कमियों और शिकायतों को सुना.

# केंद्रीय जेल रीवा का बोर्ड ऑफ विजिटर्स ने किया औचक निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 जून, केंद्रीय जेल रीवा में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार गठित बोर्ड ऑफ विजिटर्स के सदस्यों ने गत दिवस जेल का औचक निरीक्षण किया.**



निरीक्षण का उद्देश्य जेल मैनुअल-2016 के तहत बंदियों के साथ किसी भी प्रकार के जातिगत अथवा अन्य प्रकार के भेदभाव तथा जेल की व्यवस्थाओं का जायजा लेना था. निरीक्षण के दौरान बोर्ड ऑफ विजिटर्स के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीवा राकेश मोहन प्रधान, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक गुरकरन सिंह, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, जिला विधिक अधिकारी एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल के उपाध्यक्ष अभय मिश्रा, पैरालीगल वॉलंटियर आनंद पाण्डेय सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे. बोर्ड के सदस्यों ने जेल के सभी बंदी वार्ड, महिला वार्ड, जेल अस्पताल, कार्यशाला, रसोईघर, खाद्यान्न भंडारण कक्ष सहित विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया. इस दौरान बंदियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली गई तथा जेल की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का भी अवलोकन किया गया. निरीक्षण के दौरान भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की गई. इस अवसर पर जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय मौजूद रहे.

## ट्रक चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 जून, हनुमना थाना क्षेत्र में एक ट्रक चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद परिजनों ने एक महिला पर प्रताड़ना सहित मारपीट कर हत्या का आरोप लगाया है.**

पुलिस फिलहाल मामले की जांच में जुट गई है. घटना के संबंध में मृतक संतोष पटेल उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम घोघम थाना हनुमना के भाई रामनयन पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि उनका भाई नागपुर में ड्राइवरी का कार्यकर्ता था. रामनयन ने बताया कि कल उनका भाई नागपुर से रीवा आया जहां से गांव आ रहा था इसी दौरान उसे पूर्व से परिचित महिला मंजू पटेल ने अपने गांव बिलोही बुलाया जहां किसी बात को लेकर विवाद हो गया जिसके बाद संतोष से मारपीट की गई और उसे पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया गया. गंभीर अवस्था में संतोष को उपचार के लिए पुलिस रीवा लेकर आई थी जहां उपचार के दौरान उसकी बीती शाम मौत हो गई. रामनयन ने बताया कि महिला द्वारा हत्या की गई है. परिजनों द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों की पुलिस फिलहाल जांच कर रही है.

## बर्थडे पार्टी के लिए घर से निकले युवक की 3 दिन बाद अस्पताल में मिली लाश

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 जून, 3 दिन पूर्व घर से मामा के यहां बर्थडे पार्टी में शामिल होने निकले युवक का शव रीवा के संजय गांधी अस्पताल की मर्चुरी में मिला. युवक की मौत का राज थाने में खड़ी बाइक से खुला है जिसके बाद परिजनों ने गंभीर आरोप लगाए हैं.**

मृतक पिंटू साकेत निवासी रघुनाथगंज के भाई धर्मेंद्र सकेत ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 जून की शाम उनका भाई पिंटू घर से बाइक लेकर मामा के यहां बर्थडे पार्टी में शामिल होने के लिए निकला था जिसके बाद उसका कोई पता नहीं चला. 28 जून को जब परिजन थाने में भाई के गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करने पहुंचे तो थाना परिसर में पिंटू की बाइक खड़ी दिखी जिसके बाद पुलिस वालों से पूछने पर पता चला कि पिंटू सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया है और उसे संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. परिजन जब रीवा पहुंचे तो उन्हें पिंटू साकेत लावारिस हालत में मृत अवस्था में अस्पताल की मर्चुरी में मिला. परिजनों का आरोप है कि पुलिस की लापरवाही के चलते उनके भाई की जान गई है समय रहते अगर उन्हें सूचना मिल जाती तो वह उपचार करा लेते और पिंटू की जान बचाई जा सकती थी. पिंटू की मौत किन परिस्थितियों में हुई और वह कैसे सड़क हादसे का शिकार हुआ इसकी जांच पुलिस कर रही है.

## साइकिल खड़ी करने के विवाद में खूनी संघर्ष

रीवा जिले के मनगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जोरौट में साइकिल खड़ी करने को लेकर शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया. इस दौरान हुई मारपीट में दो महिलाएं सहित एक पुरुष घायल हुए हैं जिन्हें उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल भेजा गया है. घटना के संबंध मे घायल सुजीत तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात्रि तकरीबन 8 बजे घर के पास साइकिल खड़ी करने को लेकर विवाद शुरू हुआ. जिसके बाद आधा दर्जन लोगों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की.

## पेंशनरों ने अपनी मांगों को लेकर रैली निकाल कर दिया ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 जून, प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसियेशन ने अपनी 6 सूत्रीय मांगो को लेकर संघ कार्यालय कोठी कम्पाउंड में धरना देकर सभा की और दोपहर बाद रैली निकाल कर नारे लगाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे. जहा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा.**



एसोसियेशन के जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ उप प्रान्ताध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि पेंशनरों की मांगे काफी समय से लंबित है, जिसके लिए पूर्व वर्षो में कई बार एसोसियेशन द्वारा शासन का ध्यान आकृष्ट किया गया. किन्तु मांगे ज्यो की त्यों है, जिस वजह से पूरे प्रदेश भर 5.30 पेंशनर्स शासन की इस बेरूखी से दुखी एवं गुस्से में हैं. यदि मांगों का निराकरण नही हुआ तो 22 जुलाई को भोपाल में आवाज बुलंद की जाएगी. मांगों में धारा 49 को समाप्त किया जाय, कैशलेस बीमा योजना नि:शुल्क किया जाय, पेंशनर्स को महंगाई राहत केन्द्र सरकार के पेंशनरों के साथ दिया जाय, 08-10 महीने देरी से देने की प्रथा समाप्त की जाय.

## जनपद अध्यक्ष रीवा के खिलाफ सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव का खोला मोर्चा

### सदस्यों का एडीएम के समक्ष लिया गया कथन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 जून, रीवा जनपद पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ सदस्यों ने आखिरकार मोर्चा खोल ही दिया. पिछले एक वर्ष से सदस्यों की नाराजगी अध्यक्ष को लेकर चल रही थी. अविश्वास प्रस्ताव दिया गया था जिस पर एडीएम के समक्ष मंगलवार को सदस्यों ने अपने बयान दर्ज कराये.**

जनपद पंचायत रीवा के जनपद अध्यक्ष श्रीमती सविता यादव के विरुद्ध 22 सदस्यों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव को लेकर 23 जून को कलेक्टर रीवा के समक्ष उपस्थित होकर आवेदन पत्र पर हस्ताक्षर किया तो वहीं 19 सदस्यों ने आवेदन के समर्थन में शपथ पत्र प्रस्तुत किया था. जिस पर प्रभारी कलेक्टर 29 जून को मुख्य कार्यपालन अधिकारी रीवा के माध्यम से सभी शिकायतकर्ता सदस्यों को सूचना पत्र प्रेषित कर 30 जून को श्रीमती यादव के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव वावत् सुनवाई निश्चित की गई थी. उक्त अविश्वास के पक्ष समर्थन हेतु फर्जी शपथ पत्र एवं सदस्यों की हेराफेरी व गुमराह करके 7 सदस्यों को कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होने से रोक दिया. वावजूद इसके 15 सदस्यों ने अपना परिचय सम्बन्धी दस्तावेज लेकर उपस्थित हुए और अपना कथन ए.डी.एम. श्रीमती सपना त्रिपाठी के समक्ष दिया और सभी का हस्ताक्षर मिलान कराते हुए अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन किया. कलेक्टर के दिशा निर्देश पर एडीएम द्वारा आर्डर सीट लिखाकर उपस्थित 15 सदस्यों के हस्ताक्षर लिये गये. रीवा जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती संगीता द्विवेदी, ने जानकारी देते हुए बताया कि एडीएम के समक्ष सदस्य उपस्थित होकर अपना बयान दर्ज कराए है.